04-11-2020

# विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक

**प्रश्न :- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक- (PMI) मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की आर्थिक सेहत को मापने का एक इंडिकेटर है।
2. PMI 5 प्रमुख कारकों पर आधारित होता है। इन पांच प्रमुख कारकों में नए ऑर्डर, इव्वेंटरी स्तर, प्रोडक्शन, सप्लाई डिलिवरी और रोजगार वातावरण शामिल हैं।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) केवल 01 (B) केवल 02

(C) 01 और 02 दोनों (D) कोई नहीं

**उत्तर :- (D) 01 और 02 दोनों**

**भूमिका** :- हाल ही में जारी की गई मासिक सर्वे विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के अनुसार देश की विनिर्माण गतिविधियों में अक्टूबर सहित लगातार तीसरे महीने सुधार हुआ है। सर्वे के अनुसार ब्रिकी में सुधार के साथ कंपनियों के उत्पादन में 19 साल की सबसे तेज वृद्धि हुई है।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

- आईएचएस मार्केट इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक PMI अक्टूबर में बढ़कर 58. 9 पहुंच गया, जो सिंतबर में 56. 8 था। उल्लेखनीय है, कि लगातार 32 माह तक वृद्धि दर्ज करने के बाद, अप्रैल में इस सूचकांक में गिरावट आई थी।
- PMI के 50 से ऊपर होने का मतलब गतिविधियों के विस्तार से और 50 से नीचे होने का मतलब संकुचन से होता है।
- विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक PMI में कहा गया है, कि ऑर्डरों में सुधार के बावजूद भारत में विनिर्माताओं ने अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती की है। कई ममलों में सामजिक दूरी दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए ऐसा किया जा रहा है। यह लगातार सातवां महीना है, जबकि रोजगार घटा है। विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक PMI के अनुसार, इस दौरान मुद्रास्फीतिक दबाव कुछ कम हुआ है। विनिर्माण के सामान के दामों में मामूली बढोत्तरी हुई है, वहीं ब्रिकी मूल्य भी थोड़ा ही बढ़ा है।
- विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (PMI) मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की आर्थिक सेहत को मापने का एक इंडिकेटर है। इसके जरिए किसी देश की आर्थिक स्थिति का आंकलन किया जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- PMI सेवा क्षेत्र समेत निजी क्षेत्र की अनेक गतिविधियों पर आधारित होता है। इसमें शामिल तकरीबन सभी देशों की तुलना एक जैसे मापदंड से होती है।
- PMI 5 प्रमुख कारकों पर आधारित होता है। इन पांच प्रमुख कारकों में नए ऑर्डर, इन्वेंटरी स्तर, प्रोडक्शन, सप्लाई डिलिवरी और रोजगार वातावरण शामिल है।
- बिजनेस और मैन्युफैक्चरिंग माहौल का पता लगाने के लिए PMI का सहारा लिया जाता है। फिलहाल Nikkei पीएमआई आंकडों के आधार पर भारत में इकोनॉमी की दिशा का अनुमान लगाया जाता है। इससे पहले यही आंकडे एचएसबीसी PMI के नाम से जारी होते थे।

## मिशन सागर – II

**प्रश्न :- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. मई –जून 2020 में भारतीय नौसेना का मानव सहायता कार्यक्रम मिशन सागर–I चलाया गया था। मिशन सागर –II, मिशन सागर–I दूसरा चरण है।
2. मिशन सागर –II, के भाग के रूप में भारतीय नौसेना जहाज ऐरावत सूडान, दक्षिण सूडान, जिबूती और इरिट्रिया को भोजन सहायता पहुंचाएगा।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) 01 और 02 दोनों (D) कोई नहीं

**उत्तर :- (D) 01 और 02 दोनों**

**भूमिका** :- हाल ही में भारतीय नौसेना जहाज ऐरावत 02 नवंबर 2020 को मिशन सागर –II, के तहत सूडान को खाद्य सहायता लेकर पोर्ट सूडान पहुंचा।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

- मई–जून 2020 में भारतीय नौसेना के मानव सहायता कार्यक्रम मिशन सागर –II, चलाया गया था। मिशन सागर –II, मिशन सागर –I का दूसरा चरण है।
- ये सहायता कार्यक्रम 'सागर'- (SAGAR), पहल के अनुरूप है, जो भारत द्वारा उसके समुद्री पड़ोसी देशों के साथ संबंधी के महत्व को रेखांकित करता है, एवं मौजूदा संबंधों को और मजबूत करता हैं।
- भारत सरकार प्राकृतिक आपदओं और COVID-19 महामारी को दूर करने के लिए मित्र देशों को सहायता प्रदान करने के क्रम में मिशन सागर –II, के तहत, भारतीय नौसेना जहाज ऐरावत 08 नवंबर 2020 को पोर्ट सूडान में 100 टन खाद्य सहायता लेकर पहुंचा है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

❖ मिशन सागर -II, के भाग के रूप में, भारतीय नौसेना जहाज ऐरावत सूडान, दक्षिण सूडान, जिबूती और इरिट्रिया को भोजन सहायता पहुंचाएगा।

❖ मिशन सागर -II, कोविड-19 महामारी से निपटाने में सहायता के लिए मालदीव, मॉरीशस, मेडागास्कर, कोमोरोस और सेशेल्स के अनुरोध पर, भारत सरकार ने इन देशों में भारतीय नौसेना जहाज 'केसरी' को भेजा था।

❖ मिशन सागर -II, में दो चिकित्सा सहायता टीमों, कोविड से संबंधित आवश्यक दवाओं और आवश्यक खाद्य पदार्थों की खेप भेजी गयी थी।

## मालाबार नौसेना अभ्यास-2020

**प्रश्न :-** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस नौसेन्य अभ्यास के पहले चरण का आयोजन 03 से 06 नवंबर 2020 तक बंगाल की खाड़ी में स्थित विशाखापट्नम में किया जा रहा है।
2. नौसेन्य अभ्यास की मालाबार श्रृखंला की शुरूआत 1992 में आईएन-यूएसएन के द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में हुई थी।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) 01 और 02 दोनों (D) कोई नहीं

**उत्तर :- (D) 01 और 02 दोनों**

**भूमिका :-** हाल ही में मालाबार नौसेन्य अभ्यास के 24 वें संस्करण का आयोजन नवंबर 2020 मे दो चरणों में किया जा रहा है।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

❖ इस नौसेन्य अभ्यास के पहले चरण का आयोजन 03 से 06 नवंबर 2020 तक बंगाल की खाड़ी में स्थित विशाखापट्नम में किया जा रहा, जिसमें भारतीय नौसेना (आईएन), यूनाइटेड स्टेट्स नेवी, यूएसएन-जापान मैरिटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) और रॉयल ऑस्ट्रेलियान नेवी (आरएएन) शामिल है।

❖ नौसेन्य अभ्यास की मालाबार श्रृंखला की शुरूआत 1992 में आईएन-यूएसएन के द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में हुई थी। जेएमएसडीएफ मालाबार से 2015 में जुड़ा, अब 2020 का संस्करण आरएएन के इस अभ्यास में शामिल होने का गवाह बनेगा।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS